सुविचार




अवसर तो सभी को जिंदगी में मिलते हैं किंतु
उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल
कितने कर पाते हैं।

- संतोष गोयल


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- प्लॉट का एग्रीमेंट कर ठगे 19.26 लाख II
- मंजीत ने पहले दिन ही जीत लिया सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर का खिताब III
- लविवि और महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया होगी एकरूप IV


### शहर में आज



- छावनी स्थित एएससी स्टेडियम में लखनऊ और फतेहपुर जिले के अभ्यर्थियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती रैली- 7:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ समाज कार्य विभाग के अंतर्गत समर्पण दिवस के तहत दीनदयाल की जयंती पर परिचर्चा- 10:00 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अरबी विभाग की ओर से अवध का अरबी एवं इस्लामिक अध्ययन में योगदान विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार- 11:00 बजे से।
- सामाजिक न्याय मोर्चा और घटक संगठनों का यूजीसी नियमावली को लागू करने के लिए कलेक्ट्रेट से पैदल मार्च निकालकर परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन- 2:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# किराए पर दी गईं नगर निगम की आठ क्रेनें गायब

## जाम से निजात के लिए महापौर ने नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए तब आई क्रेनों की याद

- 2019 में अतिक्रमण हटाने को बनवाईं थीं 10 क्रेनें
- 50,000 रुपये महीने किराए पर निजी फर्म को दे दी थी
- फार्म का ठेका निरस्त करने के बाद क्रेनों की जानकारी नहीं ली

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम की आठ क्रेनें गायब हो गईं, अधिकारी उन्हें ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी तक पता नहीं चला है। कागज भी केवल दो क्रेनों के ही मिल पाए हैं। इन लापता क्रेन की याद तब आई जब महापौर ने अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के लिए वर्ष 2019 में 10 क्रेनें बनवाई थीं। इनसे नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियां उठाकर जुर्माना वसूला जाता था। एक वर्ष बाद ही गाड़ियां उठाने का काम निजी फर्म को दे दिया गया। नगर निगम ने प्रति क्रेन करीब 50,000 रुपये महीने के हिसाब से अपनी क्रेनें भी फर्म को किराये पर दे दीं। काम में ठेकेदार मनमानी करने लगा तो नगर निगम ने ठेका निरस्त कर गाड़ियां उठाने का काम पुलिस को दे दिया था।

करीब 6 महीने फिर आगरा की फर्म को नो पार्किंग से गाड़ियां उठाने का ठेका दे दिया गया। इस फर्म को प्रत्येक जोन के लिए एक क्रेन खरीदनी थी, लेकिन ठेकेदार ने पुरानी क्रेन डेंट-पेंट लगा दी हैं। कुछ क्रेन को तो रजिस्ट्रेशन और इंश्योरेंश तक खत्म हो चुका है।

अब शहर में फुटपाथ और सड़कों किनारे अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या नासूर बन गई तो महापौर सुषमा खर्कवाल ने लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी हरकत में आए लेकिन नो पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाने के लिए जोनल अधिकारियों को फर्म के आगे क्रेन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। तब अधिकारियों को अपनी पुरानी क्रेनों की याद आई। तलाश कराई गई तो दो क्रेन ही मिली हैं, आठ लापता हैं।

इस संबंध में नगर निगम के आरआर विभाग के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात ने कहा कि मेरी जानकारी में दो क्रेन हैं। मेरे आने से पहले 2021 में नीलामी की गई थी। कागज निकलवाए जा रहे हैं, देखने के बाद पता लग पाएगा कि बाकी क्रेन कहां गईं। यह भी देखा जाएगा कि ठेकेदार ने नगर निगम को क्रेन वापस कीं या नहीं।



शहर में नासूर बनी जाम की समस्या आम लोगों के साथ मरीजों के लिए भी मुसीबत बन गई है। मंगलवार को हजरतगंज में पार्क रोड पर लगे जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही।

## पॉलीथिन व गंदगी पर वसूला 39 हजार अर्थदंड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के खिलाफ नगर निगम ने मंगलवार को अभियान चलाकर कुल 39,500 रुपये अर्थदंड वसूला। जोन 3 में जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव के निर्देश पर शाहू एजेंसी से साईं मंदिर कपूरथला चौराहा तक चलाये गए अभियान में कुल 34,500 रुपये अर्थदंड वसूला। इनमें गंदगी फैलाने 7 चालान करके 18,000 रुपये और प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर 6 चालान करके 16,500 रुपये अर्थदंड वसूला। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, आकांक्षा गोस्वामी उपस्थित थे। जोन 8 के बंगला बाजार मेन रोड, सेक्टर 7 वृंदावन कालोनी एवं शहीद विहार के आस-पास प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर 4 चालान करके 5,000 रुपये अर्थदंड वसूला। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद नईम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्येंद्र नाथ, मीरा राव एवं वीरभद्र सिंह उपस्थित रहे।

### सिटी ब्रीफ

## गृहकर बकाए पर एलडीए के छह भवन सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गृहकर बकाये पर सरकारी विभागों के भवनों पर सीलिंग व कुर्की की कार्रवाई हो रही है। मंगलवार को नगर निगम ने जोन 8 में लखनऊ विकास प्राधिकरण की 7 सम्पत्तियों पर 1,01,81,674 रुपये गृहकर बकाये पर 6 संपत्तियां सील कर दीं। आंशिक भुगतान के रूप में एक भवन से 4 लाख रुपये जमा कराए। इसके अलावा ड्रीम वर्ल्ड एम्यूजमेंट पार्क के गृहकर बकाये पर एलडीए के अधिशासी अभियंता ने बताया कि संबंधित बकाया पूर्व वेंडर से संबंधित है। बकाया निस्तारण के लिए 2 दिन का समय मांगा है।कार्रवाई ज़ोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक राम अचल एवं सुरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अवनीश कुमार, सतीश यादव एवं हर्षेंद्र प्रताप सिंह और ईटीएफ एवं 296 टीम के सहयोग से की गई।

## कूह क्लब ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** यदुवंशी विजय के हरफनमौला प्रदर्शन और मो. शाहिद अंसारी की धारदार गेंदबाज़ी की बदौलत कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने बीबीडी ए डिवीजन लीग के रोमांचक मुकाबले में दयानंद यंगमेंस एसोसिएशन (डीवाईए) को 15 रनों से पराजित किया। यह मुकाबला जीसीआरजी ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए कूह क्लब ने 40 ओवर में नौ विकेट पर 234 रन बनाए। टीम की ओर से आर्यन चौधरी ने संयमित बल्लेबाज़ी करते हुए 50 रन बनाए, जबकि कुशाग्र सिंह 49 रन बनाकर अर्धशतक से चूक गए। फहद अहमद ने 41 रनों की उपयोगी पारी खेली। डीवाईए की ओर से हर्षवर्धन सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि आदर्श राय को दो सफलताएं मिलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीवाईए की टीम 38.5 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट हो गई। प्रभनूर सिंह ने 65 और लक्ष्य तिवारी ने 52 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

# किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में तीसरे रोबोट से सर्जरी की शुरुआत

कार्यालय, संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने मंगलवार को आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली। विश्वविद्यालय में तीसरे रोबोट से सर्जरी की शुरुआत की गई। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग ने अत्याधुनिक तकनीक से रोबोटिक सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिससे मरीज और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

केजीएमयू प्रदेश का पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान बन गया है, जहां तीन रोबोटिक सर्जरी सिस्टम उपलब्ध हैं। पीजीआई और लोहिया संस्थान में एक-एक रोबोट मौजूद है। नया रोबोट शताब्दी भवन में स्थापित किया गया है, जिसे करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में दा विंची रोबोटिक सर्जरी प्रणाली का शुभारंभ किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत चंद्रा ने रोबोट से सफल कोलेसिस्टेक्टॉमी सर्जरी की। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी अधिक सटीक होती है, इसमें कट छोटा लगता है, खून कम बहता है और संक्रमण की आशंका भी कम होती है। मरीज को कम दर्द होता है और जल्दी रिकवरी होती है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि केजीएमयू का लक्ष्य मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। रोबोटिक सर्जरी के विस्तार से आम मरीजों को भी अत्याधुनिक इलाज का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले मौजूद दो रोबोट से अब तक 60 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. बीके ओझा, फैकल्टी इंचार्ज डॉ. एचएस पाहवा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विश्वजीत सिंह सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।



डॉ सत्येंद्र तिवारी को सम्मानित करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, साथ में अन्य।

## हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी को विधानसभा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कक्ष में एसजीपीजीआई के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सत्येंद्र तिवारी को सम्मानित किया। डॉ. तिवारी नेशनल कार्डियोलॉजी सोसायटी आफ इंडिया (सीएसआई) के नेशनल प्रेसीडेंट चुने गये हैं। वह सीएसआई उत्तर प्रदेश से पहले अध्यक्ष हैं। इसी उपलक्ष्य में कनाडा स्थित फ्रीडम फ्रॉम पावर्टी फाउंडेशन तथा भारत स्थित उसकी सहयोगी संस्था फ्रीडम फ्रॉम पावर्टी ट्रस्ट के सौजन्य से श्री महाना ने डाक्टर तिवारी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. शिवेन्द्र धर द्विवेदी (कनाडा) व ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार दीक्षित ने महाना को सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण संबंधी पहल में उनके सतत मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति कृतज्ञता स्वरूप एक स्मृति चिह्न भेंट किया। डॉ. तिवारी को सीएसआई का अध्यक्ष चुना जाना उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। वह इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था के पहले अध्यक्ष हैं, जो उत्तर प्रदेश से हैं। यह उपलब्धि न केवल कार्डियोलॉजी क्षेत्र, बल्कि पूरे राज्य और देश के चिकित्सा समुदाय के लिए गर्व का विषय है। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था द्वारा सामाजिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा जनहित में ऐसे प्रयासों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# वाह रे बिजली विभाग, 17 घंटे बाद ठीक किया फाल्ट

## रात 11 बजे गुल हुई थी ठकुराइन खेड़ा की बिजली, जेई ने फोन तक नहीं उठाया

संवाददाता लखनऊ/ सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** व्यवस्था में बदलाव करने के बाद भी बिजली विभाग की स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा है। हालत ये है कि एक फाल्ट सुधारने में 17 घंटे का समय लग रहा है। बिजनौर माती इलाके में सोमवार रात 11 बजे विद्युत ट्रांसफार्मर में हुए मामूली फाल्ट को कर्मचारी मंगलवार दोपहर 3:30 बजे ठीक कर सके। लगभग पूरा दिन बिजली गुल होने से लोग सबसे ज्यादा पानी के लिए परेशान होते रहे।

पांच हजार आबादी वाला ठकुराइन खेड़ा शारदा नगर विस्तार पावर हाउस से जुड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे बिजली गुल हो गई। इसके बाद संबंधित अवर अभियंता को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। इसके बाद 1912 पर बिजली गुल होने की शिकायत की गई, किंतु कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। सुबह बिजली न होने से सबमर्सिबल पंप और टुल्लू पंप नहीं चल सके। इससे लोग पानी के लिए भटकते रहे।

ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर उपकेंद्र के एसडीओ को फोन किया। इसके बाद एसडीओ न कर्मचारियों को भेजा । दोपहर करीब 3:30 फाल्ट ठीक कर आपूर्ति को बहाल की जा सकी। एसडीओ मोहनलालगंज सौरभ ने बताया कि एलटी लाइन में फॉल्ट आने के कारण ठकुराइन खेड़ा में लगे 100 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया था। सूचना मिलने पर तत्काल बिजली कर्मियों को भेजकर फॉल्ट ठीक कराया गया और गांव की बिजली सप्लाई चालू कर दी गई। हालांकि बिजली बहाल होने के बाद भी ग्रामीणों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। ग्रामीणों के अनुसार है कि गांव में सप्लाई चालू हुई तो पूरे क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या खड़ी हो गई। जिसके कारण बिजली उपकरण नहीं चल पा रहे। लो वोल्टेज की शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही, जिससे लोगों में आक्रोश है।



## चौक, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाकों में मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को कई घंटों तक सप्लाई बाधित रहेगी। गोमतीनगर के विराजखंड में अनुरक्षण कार्य किए जाने के कारण सुबह 10:30 से शाम पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी। चौक के मेहताब बाग उपकेंद्र में सुबह 10:30 बजे से एक बजे तक सप्लाई गुल रहेगी। इसके साथ ही गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर-एक में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली ठप रहेगी।

# हाईटेक ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के चिनहट स्थित शिवपुरी उपकेंद्र में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब बनकर तैयार हो गया है। इस हाईटेक लैब में अब पावर ट्रांसफॉर्मर से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर के विभिन्न बिजली उपकरणों की जांच एक ही छत के नीचे की जा सकेगी।

मंगलवार को मध्यांचल निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने नवनिर्मित टेस्टिंग लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमडी ने बताया कि अब तक ट्रांसफॉर्मर, पोल, केबल और अन्य विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए डिस्कॉम को नोएडा, बड़ोदरा समेत देश के अन्य शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती थी। नई टेस्टिंग लैब के शुरू होने से जांच प्रक्रिया तेज, सुगम और किफायती हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि इस लैब में 10 एमवीए क्षमता तक के ट्रांसफॉर्मर के शॉर्ट सर्किट टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही यहां पावर ट्रांसफॉर्मर, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर, एचटी केबल, कंडक्टर समेत पावर सेक्टर से जुड़े कई महत्वपूर्ण उपकरणों की तकनीकी जांच की जाएगी। एमडी ने टेस्टिंग लैब के अलावा शिवपुरी उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन के सभी डिस्कॉम में ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब विकसित की जा रही हैं। चिनहट में बनी यह लैब मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। इससे लखनऊ के साथ-साथ हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, अयोध्या, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर और अमेठी जिलों को सीधा फायदा मिलेगा। नई टेस्टिंग लैब के संचालन से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### एलडीए

यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ मिलेगा मनोरंजन और सुधरेगी लोगों की सेहत

# ग्रीन कॉरिडोर के नीचे बनाए जाएंगे तीन स्पोर्ट एरीना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ग्रीन कॉरिडोर के नीचे तीन स्थानों पर स्पोर्ट्स एरीना विकसित करेगा। इसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेनिस, पिकेल बॉल व बॉक्स क्रिकेट आदि सुविधा दी जाएंगी। बच्चों व युवाओं के लिए किड्स प्ले-एरिया व ओपन जिम भी रहेगा। मंगलवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने समतामूलक चौक से डालीगंज के बीच बन रहे ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण करके यह निर्देश दिए।

उपाध्यक्ष ने बताया कि निशातगंज पुल, हनुमान सेतु व डालीगंज पुल के पास नवनिर्मित ग्रीन कॉरिडोर के नीचे खाली स्थान पर लोगों के मनोरंजन व जरूरत के अनुसार सुविधाएं विकसित करेंगे। अफसरों को इन तीनों स्थानों पर बच्चों व युवाओं के लिए किड्स प्ले-एरिया, ओपन जिम व स्पोर्ट्स एरीना विकसित करने के निर्देश दिए। बताया कि प्राधिकरण ने हाल ही में गोमती नगर में ग्वारी फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स एरीना विकसित किया है, जहां बास्केटबॉल व बैडमिंटन आदि की सुविधा है। इसी तर्ज पर ग्रीन कॉरिडोर के नीचे भी खेल सुविधाएं विकसित करेंगे।

इस मौके पर अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर व अधिशासी अभियंता अजीत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर के पास बनेगी पार्किंग

उपाध्यक्ष ने ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज से हनुमान सेतु के मध्य सड़क चौड़ीकरण के कार्य देखे। पाया कि खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा सड़क किनारे पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें भी लगती हैं। इस पर मंदिर प्रांगण के पास पार्किंग एवं वेंडिंग जोन विकसित करने के निर्देश दिए।



समतामूलक चौक के पास ग्रीन कॉरिडोर की रोटरी का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

## रोटरी पर स्कल्पचर्स, मीडियन पर लगेंगे पौधे

समतामूलक चौक से डालीगंज पुल तक ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण अंतिम चरण में है। इस माह लोकार्पण के बाद लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। लोकार्पण रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाएगा। इसके लिए पत्राचार किया गया है। उपाध्यक्ष ने इस रूट का निरीक्षण करके नवनिर्मित चौराहों पर स्कल्पचर्स लगाने और मीडियन पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। कहा कि निशातगंज से हनुमान सेतु के मध्य विकसित किये गये स्ट्रेच में डबल आर्म स्ट्रीट लाइट लगवायी जाएं।

## उर्मिला वन के पास बनेगी स्लिप रोड

एलडीए द्वारा कुकरैल नदी के पास लगभग 18 एकड़ क्षेत्रफल में उर्मिला वन विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में यहां आने-जाने के लिए बंधा रोड ही एक मात्र विकल्प है, जोकि काफी सकरी है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने कुकरैल नदी की तरफ से उर्मिला वन एवं रिवर फ्रंट को जोड़ने के लिए स्लिप रोड बनाने के निर्देश दिए। स्लिप रोड बनने से इन दोनों जगह आवागमन बेहद आसान हो जाएगा और क्षेत्र की उपयोगिता बढ़ेगी।

# ईओडब्ल्यू सिपाही समेत तीन के खातों से उड़ाए 8.89 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, अमीनाबाद व सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने ईओडब्ल्यू में तैनात एक सिपाही समेत तीन लोगों के बैंक खातों से 8.89 लाख रुपये की ठगी कर ली। कहीं गेम एप के जरिए शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया गया तो कहीं क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर रकम उड़ा ली गई। साइबर ठगी के ये मामले गोमतीनगर, अमीनाबाद और सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्रों के हैं। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से चंदौली निवासी सिपाही सतीश चंद्र गुप्ता विशालखंड-2 में रहते हैं और ईओडब्ल्यू मुख्यालय में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि जालसाज ने जियो लॉटरी एप और तिरंगा एप के जरिए शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में उनके खाते से 3,26,010 रुपये निकाल लिए गए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। अमीनाबाद के मॉडल हाउस निवासी अमृतांशु को एक महिला ने कॉल कर खुद को राधिका बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही। लिंक भेजकर विवरण भरवाने के बाद उनके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 4,10,235 रुपये निकल गए। पीड़ित ने अमीनाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर, जालौन निवासी और एचसीएल टेक्नोलॉजी में कार्यरत अनूप कुमार के एसबीआई व बैंक ऑफ बड़ौदा खातों से 1,52,800 रुपये की ठगी हुई।

## सिटी ब्रीफ

### 11 इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र बदले

**अमृत विचार , लखनऊ :** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने मंगलवार देर शाम को 11 इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार सुनील कुमार सिंह को पुलिस लाइन से साइबर क्राइम सेल का प्रभारी बनाया है। वहीं, अनिल कुमार मिश्रा, वीरेंद्र त्रिपाठी, पंकज कुमार और उपेंद्र सिंह को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। इसके अलावा धर्मेंद्र कुमार यादव को दक्षिणी जोन, शिव प्रताप सिंह को पूर्वी, ओमप्रकाश यादव को मध्य और सुनील कुमार तिवारी को पश्चिमी जोन में तैनाती दी गई है। क्राइम ब्रांच के विनय कुमार चतुर्वेदी को 112 और साइबर क्राइम थाने में तैनात दीपक कुमार पांडेय को उत्तरी जोन में भेजा गया है।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज इलाके खुजेहटा के बहादुरखेड़ा निवासी मजदूर मनीराम ने बताया कि मंगलवार को पत्नी चंद्रकली (35) खुजौली बाजार सब्जी खरीदने गई थी। वापस आते समय रघुनाथखेड़ा मोड़ के पास पीछे से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में चंद्रकली गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने चंद्रकली को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति मनीराम ने बताया कि एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। वह टक्कर मारने के बाद करोरा की ओर भाग निकले। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिश में युवक पर ईंट से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज के सेक्टर-के निवासी दिशांत दोहरे अपने दोस्त के साथ ग्लोब कैफे पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान उन पर दबंगों ने हमला कर दिया। अलीगंज के सेक्टर-के स्थित केंद्रांचल कालोनी निवासी दिशांत दोहरे के मुताबिक सात फरवरी की शाम अपने दोस्त अनंत प्रताप सिंह के साथ ग्लोब कैफे पर चाय पीने गये थे। इसी दौरान वहां प्रियांशु सिंह, मुकुल सिंह व प्रांजल त्रिपाठी पहुंच गये। पुरानी बात को लेकर तीनों ने गालियां देनी शुरू की। विरोध करने पर दिशांत पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने ईंट से वार किया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह जान बीच। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित दिशांत दोहरे ने अलीगंज थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक कुमार सोनकर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नशे में धुत पड़ोसी ने वकील को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौतमपल्ली इलाके में रहने वाले वकील अमरदीप यादव उर्फ राजा से नशे में धुत पड़ोसी ने मारपीट की। मार्टिनपुरवा निवासी अमरदीप यादव उर्फ राजा पेशे से वकील है। अमरदीप के मुताबिक 9 फरवरी की रात करीब 9 बजे अधिवक्ता की ड्रेस में अपने कुत्ते को टहला रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला चुन्ना गुप्ता नशे की हालत में पहुंचा। उसने गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उनकी कीमती घड़ी टूट गई। कोट भी फट गया। पुलिस को सूचना दी। मारपीट में उनको चोटें आई। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### साप्ताहिक बाजार में दुकानदार को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाराबिरवा से पीडब्ल्यूडी कॉलोनी शिफ्ट हुई साप्ताहिक मंगल बाजार में मंगलवार को दुकान लगाने को लेकर दबंगों ने एक दुकानदार को बेरहमी से पीटा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आशियाना थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।अस्तबल चारबाग निवासी विशाल गुप्ता ने बताया कि वे मंगल बाजार में दुकान लगाते हैं। बाजार शिफ्ट होने पर एक संगठन के नेता ने उसे तीन मीटर की जगह दी थी। मंगलवार को संगठन के नेता दो साथियों संग पहुंचे और तीन की जगह ढाई मीटर में दुकान लगाने को कहा। इंकार पर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं आरोपियों ने दुकान भी नहीं लगाने दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

# साइकिल से सड़क पर गिरे किशोर को सिलेंडर लदी पिकअप ने रौंदा, प्रदर्शन

## पारा के हंसखेड़ा स्थित 19 मंजिला भवन के पास हुआ हादसा

- आरोपी चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की हुई मांग

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** पारा के हंसखेड़ा स्थित 19 मंजिला भवन के पास मंगलवार को साइकिल से जा रहा किशोर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे पिकअप ने उसे रौंद दिया। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव को कांशीराम कॉलोनी लेकर पहुंचे। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे चले हंगामे के बाद पुलिस के समझाने के बाद परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार किया।

इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि सदरौना के काशीराम कॉलोनी निवासी छोटू विश्वकर्मा दिव्यांग हैं। उनकी पत्नी सुनीता परचून की दुकान चलाती है। परिवार में चार बेटी और एक बेटा हैं। मंगलवार को दूसरा बेटा सूरज (15) साइकिल से जा रहा था। 19 मंजिला भवन के पास उसका संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे सिलेंडर से भरे पिकअप ने उसे कुचल दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में शामिल डाला वाहन को जब्त कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।


किशोर की मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

### सड़क पर बने गड्ढे ने ली बाइक सवार दूध कारोबारी की जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज स्थित फतेहपुर इलाके में सड़क पर बने गड्ढे से टकराकर बाइक सवार दूध कारोबारी की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा साथी घायल हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई दिनों से सड़क बदहाल थी, शिकायतों के बावजूद विभाग ने कुछ नहीं कराया। वहीं, सरोजनीनगर में रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार युवक की मंगलवार को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बमरौली गोसाईंगंज निवासी सतेंद्र यादव (35) दूध कारोबारी था। परिवार में पत्नी कल्पना, मां मिथलेश और चार बच्चे हैं। सोमवार को बाराबंकी में मौसी की बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे वह पड़ोसी विकास के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। फतेहपुर गांव के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक का पहिया फंस गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पास की खुली खंती में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने सतेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि विकास की हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गड्ढा कई दिनों से खुला था। आए दिन कोई न कोई वाहन सवार घायल हो रहा था। रात में अंधेरा होने के कारण गड्ढे पर नजर नहीं पड़ती है। जिस कारण हादसे होते हैं।

# लोधेश्वर महादेव दर्शन करने जा रहे व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कानपुर से बाराबंकी लोधेश्वर महादेव मंदिर बाइक से जा रहे व्यापारी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। अयोध्या रोड स्थित जीएस लॉन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची विभूतिखंड ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां व्यापारी को मृत घोषित कर दिया गया। साथी का इलाज चल रहा है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कानपुर के मंधना स्थित रामनगर इलाके में महेंद्र पांडेय परिवार के साथ रहते है। परिवार में पत्नी गीता और बेटा दीपक हैं। छोटा बेटा अमित (30) कंप्यूटर सप्लाई का व्यवसाय करता था। बड़े भाई दीपक ने बताया कि सोमवार देर शाम को अमित दोस्त आमोद वाजपेयी के साथ मोटरसाइकिल से बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर जा रहा था। जैसे ही वे अयोध्या रोड स्थित जीएस लॉन के सामने पहुंचे, तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। इस बीच किसी ने डॉयल-112 पर हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही विभूतिखंड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को गंभीर हालत में राम मनोहर संस्थान लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। साथी आमोद की हालत गंभीर देखते हुए भर्ती कर लिया।

पुलिस को मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। अमित की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के आने पर पुलिस ने पूछताछ कर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया।

**हर साल गंगा जल चढ़ाने जाता था अमित:** भाई दीपक कुमार पांडे ने बताया कि अमित हर साल शिवरात्रि से पहले लोधेश्वर महादेव के दर्शन करने जाते थे। उनकी काफी आस्था थी। वह कानपुर से गंगा नदी से जल लेकर निकलते थे। इसके बाद बाराबंकी स्थित लोधेश्वर मंदिर जाकर जल चढ़ाते थे। उनकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

**चार साल पूर्व हुआ था तलाक:** अमित का विवाह करीब 5 साल पहले कानपुर की रहने वाली युवती से हुआ था। 4 साल पहले दोनों का तलाक हो गया था। अमित कंप्यूटर सप्लाई का काम करते थे। अमित राजनीति में भी सक्रिय था। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के करीबी थे।


मृतक अमित

- साथी गंभीर रूप से घायल, लोहिया अस्पताल में भर्ती
- अयोध्या रोड स्थित जीएस लॉन के पास हुआ हादसा


पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा।

### विधायक अभिजीत सिंह सांगा के करीबी

बड़े भाई दीपक ने बताया कि अमित बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा का बहुत करीबी था। अमित की मौत की खबर मिलते ही विधायक पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार के लोगों को सांत्वना दी।

# क्लब मैनेजर की गाड़ी पर फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट इलाके के लौलाई स्थित चन्द्रिका विहार कॉलोनी में सोमवार देर रात हमलावरों ने बार क्लब के मैनेजर की थार गाड़ी पर जमकर तोड़फोड़ की। यही नहीं हमलावर फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से खोखे और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं।

पीड़ित राजेन्द्र मौर्य ने बताया कि वह गोमतीनगर स्थित समिट बिल्डिंग में एक बार क्लब में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार रात ड्यूटी खत्म कर वह करीब साढ़े बारह बजे घर पहुंचे थे। गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर कपड़े बदलकर सोने चले गए। कुछ ही देर बाद तेज आवाज सुनकर जब वह बाहर निकले तो देखा कि उनकी थार गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे। हमलावर वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे।

पीड़ित राजेन्द्र ने बताया कि कुछ दिन पहले बार में प्रवेश को लेकर कुछ लोगों को मना किया गया था, जिससे नाराज होकर उन लोगों ने पहले भी उन्हें घेरकर मारपीट करने की कोशिश की थी। उस समय सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी के कारण वह बच गए थे। उनका आरोप है कि वही लोग पिछले 10–12 दिनों से उनका पीछा कर रहे थे और इसी रंजिश में यह हमला किया गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# प्लॉट का एग्रीमेंट कर ठगे 19.26 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रियल एस्टेट कंपनी के अधिकारी ने एसीपी मोहनलालगंज से की शिकायत
- मोहनलालगंज कोतवाली में दो भाइयों समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी के अधिकारी ने पांच लोगों पर प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि साजिश के तहत आरोपी ने एग्रीमेंट को दरकिनार कर दूसरे पक्ष को बैनामा कर 19.26 लाख हड़प लिए। एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय के आदेश पर मोहनलालगंज पुलिस ने दो भाइयों समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विवेकखंड-1 स्थित स्वास्तिक मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सिद्धार्थ शर्मा हैं। उन्होंने जमीन क्रय-विक्रय करने की जिम्मेदारी कंपनी अधिकारी विवेक सिंह को दी थी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 14 अगस्त 2025 को नन्हा की ग्राम सिठौली कला मोहनलालगंज से जमीन का सौदा 55 लाख में तय किया था। पीड़ित ने एग्रीमेंट कर बयाना के तौर पर 19.26 लाख रुपये का भुगतान किया था। एग्रीमेंट में यह लिखा था कि नन्हा अनुसूचित जाति का है। लिहाजा जमीन से संबंधित वाद विश्राम व नन्हा के पिता के बीच कोर्ट में विचाराधीन है।

बताया गया था कि वाद के निस्तारण के बाद नन्हा सक्षम अधिकारी से अनुसूचित जाति से दूसरे व्यक्ति के हक में बेचने की अनुमति लेकर दो माह के अंदर बैनामा कर देगा। इसके बाद भी नन्हा, उसके भाई विश्राम, अखंड प्रताप सिंह और रनंजय प्रताप सिंह ने साजिश के तहत 18 नवंबर को बैनामा नंगू को कर दिया। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित विवेक सिंह ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली में नन्हा निवासी नेवलखेड़ा सिठौली कला मोहनलालगंज, उसके भाई विश्राम निवासी सुल्तानपुर, नंगू निवासी सुल्तानपुर, अखंड प्रताप सिंह निवासी गोसाईंगंज और रनंजय प्रताप सिंह निवासी प्रतापगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नाबालिग के साथ दुराचार करने वाले को 10 साल की कैद

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** नाबालिग किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुराचार करने के मामले में पारा थाने के सदरौना निवासी पवन लोधी को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने दस वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा है कि जुर्माने की संपूर्ण धनराशि नियमानुसार पीड़िता को दी जाएगी।

अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता अरुन कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 25 जुलाई 2018 को पीड़िता ने कृष्णा नगर थाने मे दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया कि घटना के समय आरोपी उसके पड़ोस में रहता था तथा उसके घर आता जाता रहता था, जहाँ पर उसकी आरोपी से मुलाकात हुई थी। पीड़िता ने आगे बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ एक वर्ष तक दुराचार किया। घटना वाली रात को भी आरोपी उसके घर आया था तथा विरोध करने के बावजूद भी उसके साथ जबरन दुराचार किया। उसी समय पीड़िता का छोटा भाई वहां आ गया, उसने जब विरोध किया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार करते हुए पीड़िता व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी।

# सब्जी लेकर घर जा रहे युवक पर हमला, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विकासनगर सेक्टर-सी निवासी शुभम यादव शनिवार रात को सब्जी लेकर घर जा रहा था। इसी बीच उस पर सलमान कुरैशी, सद्दाम, फैजान खान, फैजान रजा ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से वार किया। गंभीर रुप से घायल हो गया। किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकीपुरम सेक्टर-सी निवासी शुभम यादव के मुताबिक सात फरवरी की रात करीब 9:30 बजे वह टेड़ी पुलिया सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर जा रहा था। कैपिटल स्कूल के पास पहुंचते ही उपरोक्त आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और ईंट-पत्थर फेंकने लगे। आरोप है कि सभी लोग एक राय होकर जान से मारने की नीयत से मारपीट कर रहे थे, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और बाएं पैर में कट-फट हो गई। पीड़ित के मुताबिक आसपास के लोग जमा होने लगे तो आरोपी दोबारा ईंट-पत्थर फेंकते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद बताई जा रही है। शुभम ने बताया कि आरोपी दबंग और अपराधी है। जिससे उनकी जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने विकासनगर थाने में तहरीर दी। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक सलमान कुरैशी, सद्दाम, फैजान खान, फैजान रजा और 6-7 अज्ञात लोगों रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### भूखंड खाली कराने पहुंचे दबंग, गार्ड को धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर सेक्टर-डी निवासी सुरक्षाकर्मी सुरेंद्र बाजपेई ने वह 8 फरवरी को ड्यूटी पर थे। इसी दौरान दोपहर 1:20 बजे लाल रंग की चार पहिया गाड़ी से दो लोग वहां पहुंचे। एक व्यक्ति पैंट-शर्ट और दूसरा कुर्ता-पायजामा पहने था। दोनों की उम्र करीब 50-55 वर्ष के करीब है। आरोप है कि दोनों ने प्लॉट खाली करने और ताला लगाने का प्रयास किया। विरोध किया तो कहा कि भूखंड डॉ सुशील सूरी से खरीद लिया है। जब इस संबंध में भूखंड के मालिक हरीश सूरी से बात करने को कहा तो आरोपी धमकाने लगे। बोले की तुमने बदमाशी की थी। अब हम सबक सिखाएंगे। दोनों ने पैसे का लालच देकर ताला लगाने देने को कहा, लेकिन इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि तुम्हें और तुम्हारे मालिक को मरवा कर ही ताला लगाएंगे और पहले तुम्हें ही समेटेंगे। घटना से वह काफी डरा हुआ है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गार्ड ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुसाइड नोट में पत्नी व बच्चों की जिम्मेदारी न उठा पाने की लिखी बात
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने आजमगढ़ में परिजन को दी सूचना



**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित कृतिका अपार्टमेंट के गेट के पास मंगलवार सुबह एक सिक्योरिटी गार्ड का शव पेड़ से लटका मिला। शव देखे जाने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। तलाशी के दौरान मृतक की पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने पत्नी और बच्चों की जिम्मेदारी न उठा पाने की बात लिखी थी।

ल रूप से आजमगढ़ के गाजही अतरौली निवासी प्रकाश चौबे (46) कृतिका अपार्टमेंट में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे रविन्द्र कुमार निवासी चक मजरा राहरामऊ, सफदरगंज (बाराबंकी) ने सूचना दी कि अपार्टमेंट के गेट के बगल में लगे पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटक रहा है।

सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। सुसाइड नोट में मृतक ने लिखा था कि वह पत्नी और बच्चों की जिम्मेदारी नहीं उठा पा रहा है, जिससे परेशान होकर यह कदम उठा रहा है।

पुलिस ने अपार्टमेंट में मौजूद लोगों से मृतक के परिजनों का संपर्क नंबर लेकर उन्हें घटना की सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो बंद मकानों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गुडंबा व इंदिरानगर में चोरों ने रेलकर्मी समेत दो के बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया।

गुडंबा के कल्याणपुर स्थित केशव विहार निवासी राम बिहारी अवस्थी ने बताया कि 6 फरवरी को परिवार संग शादी में ससुराल सीतापुर बिसवां गए थे। 9 फरवरी की देर शाम करीब सात बजे वापस लौटे तो मुख्य द्वार बंद मिला। भीतर गए तो सभी कमरों और आलमारी के लॉक टूटे और सारा सामान बिखरा मिला था। आलमारी देखी तो 60 हजार रुपये और लाखों के जेवर गायब थे। राम बिहारी ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, इंदिरानगर के तकरोही स्थित सूर्यांश एंक्लेव निवासी दीपक भट्टाचार्य रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर चारबाग में कार्यरत हैं। उनकी ड्यूटी माघ मेल प्रयागराज में लगी थी। 13 जनवरी को वे प्रयागराज गए थे। 20 जनवरी को पड़ोसी ने घर का ताला टूटा देख सूचना दी। जानकारी पर वे वापस लौटे तो सामान अस्त-व्यस्त मिला। पीड़ित ने बताया कि चोर करीब छह लाख रुपये, जेवर, एलआईसी बांड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज उठा ले गए। पुलिस ने छानबीन करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**अपराध** — सत्र न्यायालय के लिपिक ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

# फर्जी जमानत आदेश सोशल मीडिया पर भेजा, धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिला जज के जाली दस्तखत से अग्रिम जमानत आदेश बनाकर सोशल मीडिया के जरिये आरोपी के भाई को भेजा। उस पर दबाव डाला और धमकी दी। जानकारी होने पर सत्र न्यायालय के लिपिक राजेश सिन्हा साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सत्र न्यायालय के लिपिक राजेश सिन्हा द्वारा साइबर क्राइम थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक आरोपी रणधीर सिंह ने 17 जनवरी 2026 को न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। जिसमें बताया कि इंदिरानगर थाने में 2016 में दर्ज रिपोर्ट के वादी अनुज राय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर एक जमानत आदेश की प्रति भेजी गई थी। जांच में सामने आया कि यह आदेश माननीय जनपद न्यायाधीश के फर्जी हस्ताक्षर से तैयार किया गया था और न्यायालय द्वारा कभी पारित नहीं किया गया। न्यायालय कार्यालय की आख्या में स्पष्ट किया गया कि 13 जनवरी 2026 को कोई जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के लिए नियत नहीं था और न ही ऐसा कोई आदेश जारी किया गया था। प्रथम दृष्टया यह आदेश कूटरचित और जालसाजी से तैयार प्रतीत हुआ, जिसे अभियुक्त और उसके भाई पर अनुचित दबाव बनाने के उद्देश्य से भेजा गया था।

सत्र न्यायालय ने फौजदारी प्रकीर्ण वाद संख्या 79/2026 में 3 फरवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए साइबर क्राइम थाना, लखनऊ में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने और एक सप्ताह के भीतर न्यायालय को प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। लिपिक राजेश सिन्हा की तहरीर पर अनुज राय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बसपा सुप्रीमो पर अभद्र टिप्पणी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** फेसबुक पर बसपा सुप्रीमो के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर पार्टी के कैंट विधानसभा अध्यक्ष ने कृष्णानगर कोतवाली में फेसबुक यूजर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आलमबाग गढ़ी कनौरा निवासी बसपा पार्टी के कैंट विधानसभा अध्यक्ष गंगाराम वर्मा ने बताया कि सोमवार शाम दामोदर नगर निवासी कैंट विधानसभा प्रभारी देवेश कुमार गौतम के आवास पर बैठक आयोजित थी ।बैठक के दौरान फेसबुक चलाते समय श्रेया यादव नामक युवती का एक कमेंट दिखाई पड़ा जिस पर बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी से सभी कार्यकर्ताओं की भावना आहत हुई है।

### पुलिस को देख भागे 15 जुआरी, छह बाइक जब्त

**अमृत विचार, काकोरी:** पुलिस चौकी घुरघुरी तालाब क्षेत्र के मोहान रोड स्थित राजधानी ढाबा के पीछे नींबू बाग में जुए की सूचना पर काकोरी पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की घेराबंदी करने पर करीब 10-15 जुआरी भाग निकले। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के अनुसार राजधानी ढाबा के पीछे करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर एक बाग में 10 से 15 लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। जिस स्थान पर जुआ खेला जा रहा था, उसके चारों ओर कंटीले तार लगे थे। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोग मौके से भाग निकले। पुलिस के पहुंचने पर जुआरी अपने जूते-चप्पल, पीले रंग की प्लास्टिक त्रिपाल, ताश के पत्ते और 6 मोटरसाइकिलें मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

सिटी ब्रीफ



जान्हवी महेन्द्रू।

## टी-20 वर्ल्ड कप में डिजिटल पार्टनर से जुड़ीं जान्हवी

**अमृत विचार :** लखनऊ की जान्हवी महेन्द्रू (24 वर्षीय) ने अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिजिटल पार्टनर के तौर पर जुड़ने वाली शहर की पहली महिला बन गई हैं। लामार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज की इस पूर्व छात्रा जान्हवी ने कड़ी मेहनत से स्पॉटीफाई मीडिया की स्थापना कर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के साथ जुड़कर नया इतिहास रचा। जान्हवी ने न केवल खेल और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को मान बढ़ाया है।

## पॉलीटेक्निक में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय पॉलीटेक्निक में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद, वाद-विवाद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मशाल प्रज्वलन, क्रीड़ा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में विवेक शर्मा प्रथम, कृष्ण यादव द्वितीय और अमर सिंह यादव रहे। बालिका वर्ग में समीक्षा यादव प्रथम, श्रेया तिवारी द्वितीय और सानिया परवीन तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य एस. एन. सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्राविधिक शिक्षा अजीज अहमद रहे। संयुक्त निदेशक मध्य क्षेत्र विजय पाल सिंह, सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद डॉ. संतोष कुमार सिंह, सचिव संयुक्त प्रवेश परीक्षा संजीव कुमार सिंह मौजूद रहे।

## तकनीकी दिवस का आयोजन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने मंगलवार को विद्युत उत्पादन परियोजनाओं पर तकनीकी दिवस का आयोजन संगठन भवन में किया। केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल वल्लभ पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभाग के अनुभवी अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से जूनियर इंजीनियरों और प्रोन्नत अभियंताओं को ट्रांसफॉर्मर प्रोटेक्शन, विद्युत सुरक्षा, ईआरपी प्रणाली पर कार्य, ओटीएस आदि तकनीकी विषयों पर व्याख्यान दिए। कार्यस्थलों पर संवाद और समन्वय के अभाव जैसे मुद्दे भी उठाए गए। केंद्रीय संरक्षक सतनाम सिंह ने कहा कि जूनियर सुरक्षा संसाधन, उपकरण उपलब्ध कराए जाएं तो इंजीनियर हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में एके सिंह (पूर्व उपनिदेशक, ईटीआई लखनऊ), संतोष कुमार विश्वकर्मा, पीएस तिवारी, संदीप मौर्य सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# युवाओं की रंगोली में दिखी आस्था और संस्कृति, झलका विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिवसीय दस्तक यूथ फेस्टिवल शुरू

**अमृत विचार:** दस्तक यूथ फेस्टिवल के पहले दिन मंगलवार को युवाओं ने रंगोली से प्रकृति और संस्कृति का चित्रण करने के साथ देश के विकास को भी रेखांकित किया। इसके बाद वाद विवाद प्रतियोगिता में मानव पर बढ़ते विज्ञान के नियंत्रण पर चिंता भी जताई।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में महोत्सव में हुई रंगोली प्रतियोगिता में रंगीन डिज़ाइन इस अंदाज में उभरे कि उसे देखकर महसूस हुआ जैसे कि सधे हुए कलाकारों ने कैनवस को पेंट किया है। कला स्रोत आर्ट गैलरी की मानसी डिडवानिया और प्रीति आहूजा इस प्रतियोगिता की निर्णायक रहीं। कविता लेखन प्रतियोगिता के जिरये फेस्टिवल में एक साहित्यिक पहलू जुड़ गया।

### विज्ञान के बढ़ते नियंत्रण पर जताई चिंता

- एआई- खुली धमकी या अवसर विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महा धौंडियाल, ताहिरा रिजवी और अमित मिश्रा इसमें निर्णायक रहे। प्रतियोगिता में युवाओं ने कहा कि तकनीक मनुष्य के सहयोग के लिए होनी चाहिए न कि मनुष्य को कंट्रोल करने के लिए। उन्होंने विज्ञान यर समाज से जुड़े अपने जागरूक विचारों को साझा किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में शामिल सरिता जायसवाल, नीलिमा मोहन और मीना राणा कल्चरल सिंबल पर आधारित बारीक डिज़ाइनों से प्रभावित हुईं। दिन का अंत बैत बाज़ी के साथ हुआ। जिसे अर्शी अल्वी ने मॉडरेट किया और जिसे डॉ. साबरा हबीब, रेहाना अली और प्रो. तबस्सुम किदवई ने जज किया। इससमें हाज़िरजवाबी, भाषा और कविता की सहजता का जश्न मनाया गया।





अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में शुरू हुए दस्तक यूथ फेस्टिवल के पहले दिन बनाईगई रंगोली। अमृत विचार

## आर्यभट्ट टैलेंट सर्च में रिकार्ड आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा 2026 के लिए रिकार्ड पंजीकरण हुआ है। जिसे देखते हुए पंजीकरण की तिथि 16 मार्च तक विस्तारित कर दी गई है। द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक व स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाना है। ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 16 मार्च तक बढ़ा दी गई है। सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि अब तक कुल 40405 छात्रों ने पंजीकरण किया है। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन www.imsaindia.org पर 16 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।



पीएसी मध्य जोन क्लस्टर की अंतर वाहिनी भारोत्तोलन, योगा एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में वेट उठाता खिलाड़ी। अमृत विचार

# मंजीत ने पहले दिन ही जीत लिया सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर का खिताब

## पीएसी की अंतर वाहिनी भारोत्तोलन प्रतियोगिता के 71 किग्रा वर्ग में उठाया सबसे ज्यादा वजन



शारीरिक प्रदर्शन करता जवान।

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** पीएसी मध्य जोन क्लस्टर की अंतर वाहिनी भारोत्तोलन, योगा एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पहले दिन 32वीं वाहिनी लखनऊ के मंजीत यादव ने सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर का इनाम जीता। इसके अलावा भारोत्तोलन के 60 किग्रा वर्ग में 32वीं वाहिनी के अंकित कुमार, 65 किग्रा में आनंद कुमार वर्मा, 71 किग्रा में मंजीत यादव, 79 किग्रा में 35वीं वाहिनी के नवीन रावत, 88 किग्रा में 26वीं वाहिनी के विशाल सिंह, 94 किग्रा में बंटी गौतम, 110 किग्रा में शाहजहां खान और 110 वर्ग में अभिजीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके पहले कानपुर रोड स्थित 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में मुख्य अतिथि 32वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक प्राची सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सहआयोजन सचिव एवं उपसेनानायक जितेन्द्र कुमार ने स्मृति चिह्न देकर सेनानायक का स्वागत किया। 32वीं वाहिनी के बैंड ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को मान-प्रणाम दिया। प्रतियोगतता में दूसरी वाहिनी, 11वीं, 27वीं (सीतापुर), 10वीं (बाराबंकी), 30वीं (गोण्डा), 26वीं (गोरखपुर), 32वीं एवं 35वीं वाहिनी लखनऊ के अलावा एसडीआरएफ की टीमों के 138 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

समारोह में उपसेनानायक प्रथम वाहिनी विशेष सुरक्षा बल लखनऊ वीरेंद्र कुमार, सहायक सेनानायक नवीन कुमार नायक, सूबेदार शिविरपाल अमित शुक्ल, सूबेदार सैन्य सहायक संजय कुमार सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आरोपों की सफाई देने नगर निगम पहुंचे सुभासपा विधायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा सत्र के बीच सुभासपा विधायक मंगलवार दोपहर नगर निगम मुख्यालय नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे। नगर आयुक्त के कार्यालय में न होने पर करीब एक घंटे तक चक्कर काटते रहे लेकिन कोई अधिकारी नहीं मिला। उन्होंने भरवारा के गंगोत्री विहार में प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने आरोप लगाया कि पार्षद ममता रावत के पति गौतम रावत भू-माफिया हैं। उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर टीएस मनराल के साथ मिलकर सरकारी जमीनों को बेच दिया और अवैध कॉलोनी बनवाई है। कहा कि पार्षद पति के अनेक अवैध निर्माण एमजी ग्रैंड होटल और ममता पैलेस के नाम से देवा रोड पर हैं। विधायक का कहना है कि नगर आयुक्त के सामने प्रस्तुत करने के लिए सभी दस्तावेज लेकर आया था। मेरे ऊपर लगे कब्जे का आरोप बेबुनियाद है। पार्षद ममता ने विधायक के आरोपों को खारिज कर दिया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि कहीं कोई विवाद नहीं है। समस्या को सुलझा लिया गया है।



आवास विकास मुख्यालय पर ट्राफी के साथ आवास आयुक्त एवं परिषद के अन्य अधिकारी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बनी पुष्प कृति को मिला प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जनभवन परिसर में हुई फल, शाक सब्जी एवं पुष्प प्रदर्शनी में उप्र आवास एवं विकास परिषद ने कई पुरस्कार जीते। परिषद की टीम ने "ऑपरेशन सिंदूर" की थीम पर विशिष्ट एवं कलात्मक पुष्प सज्जा प्रस्तुत की, जिसे प्रथम पुरस्कार दिया गया।

इसके अलावा 5000 से 8000 वर्गमीटर तक स्वर्ण जयन्ती स्मृति विहार पार्क इंदिरा नगर, 10000 से 15000 वर्गमीटर के कालिन्दी वन पार्क वृन्दावन योजना, 15000 वर्गमीटर से अधिक काकोरी शहीद स्मृति पार्क आम्रपाली योजना, भाग-2 क्लास 27 डहेलिया के कटे फूल (सभी प्रतियोगियों के लिए) और कटे डहेलिया के फूल विभिन्न रंग कैटेगरी में भी प्रथम पुरस्कार मिले। इसके अलावा 8000 से 10000 वर्गमीटर तक के अरविन्दो पार्क इंदिरा नगर और 2000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल के कार्यालय उद्यान वृंदावन योजना ने तृतीय पुरस्कार जीते। मंगलवार को आवास विकास मुख्यालय पर आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला सहित परिषद के अन्य अधिकारियों ने ट्रॉफी का प्रदर्शन किया।

## इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बताए तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सेफर इंटरनेड डे पर राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी), जिला केंद्र लखनऊ ने राज्य मुख्यालय के समन्वय से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य नागरिकों एवं सरकारी अधिकारियों को इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं जागरुक उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यशाला का जिलाधिकारी विशाख जी ने शुभारंभ किया।

सौरभ मिश्रा, उप निदेशक (आईटी) एवं जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) एनआईसी ने सेफर इंटरनेट डे के महत्व तथा डिजिटल गवर्नेंस और एआई आधारित सेवाओं के वर्तमान युग में साइबर जागरूकता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में मास्टर ट्रेनर एवं साइबर एंबेसडर कौशेन सिद्दीकी ने उभरते साइबर अपराधों एवं डिजिटल सुरक्षा पर प्रचलित साइबर धोखाधड़ी तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। डिजिटल अरेस्ट स्कैम, पार्सल एवं कूरियर स्कैम, पहचान की चोरी, एपीके फाइलों के माध्यम से धोखाधड़ी, रिमोट एक्सेस एवं सोशल इंजीनियरिंग आधारित हमले के बारे में आगाह किया।

### हुसैनाबाद के राष्ट्रीय नेहरु युवा केंद्र में प्रदर्शनी 13 से

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अंदाज-ए-लखनऊ फाउंडेशन की ओर से 13 से 15 फरवरी तक हुसैनाबाद स्थित राष्ट्रीय नेहरु युवा केंद्र में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, कला, संस्कृति, परम्परागत उत्पाद और अन्य रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रदर्शनी पूर्वाह्न 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी।

सिटी डायरी



बच्चे को दवा देते हुए एमएलसी मुकेश शर्मा सीएमओ डॉ एनबी सहित अन्य ।

### बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी क्षेत्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नेशनल इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि एमएलसी मुकेश शर्मा ने बच्चों को दवा खिलाकर किया। इस अवसर पर करीब 500 बच्चों ने एल्बेंडाजोल का सेवन किया। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि पेट में कीड़े बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बड़ी बाधा बनते हैं। इससे कमजोरी, एनीमिया और पढ़ाई में पिछड़ने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा बच्चों को स्वस्थ एवं सुपोषित बनाना है, जिससे वे आगे चलकर सशक्त नागरिक बन सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को दवा जरूर दिलाने की अपील की।



डीजी हेल्थ को गुलदस्ता देते महमंत्री अशोक और अन्य ।

### डीजी हेल्थ से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय नर्सेज संघ उप्र. के महामंत्री अशोक कुमार की अगुवाई में नवनियुक्त डीजी हेल्थ डॉ. पवन कुमार अरुण से प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर बधाई दी। डीजी डॉ. पवन ने संघ के सदस्यों से बलरामपुर अस्पताल समेत प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी हासिल की। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार के अलावा कोषाध्यक्ष गीतांशु वर्मा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अमिता रोष व स्मिता सिंह मौजूद रहीं। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष मनमोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय अज्जू, फार्मेसी कौंसिल सदस्य शंकर पटेल आदि शामिल रहे।



प्रतिभाग करने वाले बच्चों के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी व शिक्षक।

### भजन संध्या में दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज में मंगलवार को संकल्प दिवस के अवसर पर निर्गुण भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें पांचों शाखाओं से पांच, पांच छात्र-छात्राओं की एक, एक भजन गायक मंडली ने मन को छू लेने वाले निर्गुण भजन प्रस्तुत किए। इतिहासकार व महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ काशी प्रसाद जायसवाल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम मेंपर्यावरण प्रदूषण व संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिए गए।



भूमि पूजन करते श्रवण अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश कंछल, अनिल अग्रवाल, बनवारी लाल कंछल, राजेन्द्र अग्रवाल, सचिन कंछल, योगेंद्र, मोहित, अंजुल और विवेक व अन्य।

### श्याम निशानोत्सव का हुआ भूमि पूजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** 20 फरवरी से होने वाले श्याम ज्योत मंडल के दिवसीय निशानोत्सव के लिए मंगलार को ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में दरबार का भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही दरबार का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि 20 व 21 फरवरी को गायक भजन प्रस्तुत करेंगे और 22 को सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी ।

जलसा | दारुल उलूम निजामिया फिरंगीमहल में की गई छात्रों की दस्तारबंदी

# बच्चों को दीनी तालीम दिलाने वाले खुशकिस्मत : खालिद रशीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दारुल उलूम निजामिया फिरंगीमहल में मंगलवार को दस्तारबंदी का जलसा आयोजित किया गया। जलसे में ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि वह लोग खुशकिस्मत हैं जो अपनी औलाद को दीनी तालीम दिला रहे हैं। हमारे दीनी मदरसे सीमित संसाधनों के बावजूद इस्लामी शरीअत की हिफाजत का काम कर रहे हैं।

मौलाना खालिद रशीद दारुल उलूम के छात्रों को परीक्षाफल वितरित करने के बाद फिरंगीमहली ने हुफ़्फ़ाज़-ए-किराम की दस्तारबंदी भी की। उन्होंने हाफ़िज़ों को देश और उम्मत के लिए रहमत क़रार दिया और छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त करने की नसीहत की। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने अपने सीनों में कलाम-ए-इलाही महफ़ूज़ किया है, वे निस्संदेह बहुत ख़ुशनसीब हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को क़ुरआन की शिक्षाओं और आदेशों से वाक़िफ़ होना चाहिए।





दस्तारबंदी के बाद मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली के साथ छात्र। अमृत विचार

### क़ुरआन की अहमियत और फ़ज़ीलत बयान की

- मौलाना मुहम्मद मुश्ताक़ ने हिफ़्ज़-ए-क़ुरआन की अहमियत और फ़ज़ीलत बयान की। उन्होंने कहा कि हदीस-ए-नबवी में हाफ़िज़-ए-क़ुरआन के लिए बहुत-सी बशारतें बयान की गई हैं और क़यामत के दिन हाफ़िज़-ए-क़ुरआन के वालिदैन को भी विशेष सम्मान से नवाज़ा जाएगा। मौलाना अज़हरुद्दीन, मुफ़्ती अतीक़ुर्रहमान, मौलाना मुहम्मद सुफ़यान, क़ारी मुहम्मद हारून और क़ारी क़मरुद्दीन ने भी जलसे को खिताब किया।

मौलाना खालिद रशीद ने इस अवसर पर मौलाना अबुतैयब अहमद मियां, मौलाना अब्दुर्रशीद, मौलाना अब्दुल मजीद, मौलाना अब्दुल हलीम, मौलाना अब्दुल हई, मौलाना बह्रुल उलूम अब्दुल अली और उस्ताद-ए-हिंद मौलाना निज़ामुद्दीन मुहम्मद सहित फिरंगी महल के अन्य उलमा की दीनी और इल्मी ख़िदमात का ज़िक्र किया और उनके लिए दुआ-ए-मग़फ़िरत की।

दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीक़ी ने कहा कि बानी-ए-दर्स-ए-निज़ामी अल्लामा निज़ामुद्दीन मुहम्मद फिरंगी महली ने सन् 1071 ईसवीं में दरगाह फिरंगी महल की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि इस्लामी मदरसे दीन और शरीअत की पनाहगाहें हैं और उनकी हिफ़ाज़त करना मुसलमानों की ज़िम्मेदारी है।

दारुल उलूम के मौलाना अब्दुल लतीफ़, क़ारी तनवीर आलम, मौलाना अब्दुल मुग़ीस, क़ारी मुहम्मद शमीम, हाफ़िज़ मुहम्मद इरशाद और दारुल उलूम के छात्र मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### केन्द्रीय संस्कृत विवि में 13 को होगा वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव 13 फरवरी शुक्रवार को 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, वार्षिक शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न होंगी, तथा संस्कृत सप्ताह, हिंदी पखवाडा एवं स्वामी विवेकानन्द जयंती आदि में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा वार्षिकोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, संस्कारों और शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है।

### उदय और श्रद्धा ने जीता प्रथम पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा कला प्रदर्शनी प्रदर्शित किया गया। जिनमें विद्यार्थियों की निर्मित गई विभिन्न कलाकृतियां प्रदर्शित की गयी। प्रतियोगिता में पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के दो विद्यार्थियों को चित्रकला में प्रथम पुरस्कार उदय शर्मा (बीवीए चतुर्थ वर्ष) और मूर्तिकला में प्रथम पुरस्कार श्रद्धा तिवारी (एमवीए द्वितीय वर्ष) को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले ललित कला विभाग के अन्य विद्यार्थियों में सुशील यादव, मयंक पाल, राहुल कुमार, जैनब, प्रांशिता पटेल, सोनू प्रजापति, शशिकांत सैनी, मानसी, पल्लवी, मयंक शर्मा, एल्मा, रिया पाल, निकिता, आलोक, अभिषेक शामिल रहे।

### शियाड स्पोर्ट्स फेस्ट का हुआ आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया महाविद्यालय में दो दिवसीय 'शियाड स्पोर्ट फेस्ट-2026' का शुभारम्भ राज्यमंत्री हज एवं वक्फ़ दानिश आज़ाद अंसारी द्वारा किया गया। सेक्रेटरी मजलिस-ए-उलेमा मौलाना यासूब अब्बास ने मंत्री को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार खेलो इण्डिया के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के अन्दर खेलों को प्रेरित कर प्रतिभा निखारने का काम कर रहा है। ठीक उसी प्रकार महाविद्यालय भी हर वर्ष शियाड खेल महोत्सव का आयोजन करता आया है, जिसके माध्यम से महाविद्यालय स्तर से लेकर प्रदेश एवं देश स्तर तक प्रतिभाओं ने अपना लोहा मनवाया है। मौलाना यासूब अब्बास, सेक्रेटरी मजलिस-ए-उलेमा ने बताया कि शियाड खेल महोत्सव का आयोजन सन् 1983 से किया जा रहा है जिसके माध्यम से महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है।

### छात्रा को 60,000 डालर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा वान्या श्रीवास्तव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी द्वारा 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस.एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### ताइक्वाण्डो में आन्या ने जीता गोल्ड व ब्रांज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस की कक्षा-4 की छात्रा आन्या चौधरी ने अंतरविद्यालयी द्वितीय स्व. गीता सिंह मेमोरियल ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में एक गोल्ड मेडल एवं एक ब्रांज मेडल अर्जित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन लखनऊ ताईक्वाण्डो एकेडमी के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ। कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 50 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सी.एम.एस. की इस छात्रा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गोल्ड मेडल एवं ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। इस प्रकार, आन्या ने आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है।

# लविवि और महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया होगी एकरूप

## कुलपति ने कहा, महाविद्यालय दुखी होंगे तो विश्वविद्यालय सुखी नहीं रह सकता, कुलपति छह माह में प्राचार्यों के साथ करेंगे बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी सैनी महाविद्यालय प्राचार्यों के साथ बैठक करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया को एकरूप करने की दिशा में अहम पहल की गई है। मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने एडेड एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर प्रस्ताव दिया कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया एक साथ संचालित की जाए, जिससे महाविद्यालयों की सीटें खाली न रहें।

बैठक में विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच शैक्षणिक, प्रशासनिक और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाता, ऐसे में उन्हें एडेड कॉलेजों में अवसर दिया जाएगा। इस व्यवस्था में विश्वविद्यालय कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा और महाविद्यालय अपने स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया संचालित करेंगे।

- महाविद्यालयों के विभागों को शोध केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा
- कन्या महाविद्यालयों में शुरू हो सकता है कोएजुकेशन

कुलपति ने यह भी घोषणा की कि महाविद्यालयों के विभागों को शोध केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे विभागों को विश्वविद्यालय का पूर्ण सहयोग मिलेगा और शोध गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। शोध केंद्रों की स्थापना के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति निरीक्षण करेगी।

बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी और प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव उपस्थित रहे। संचालन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार मिश्रा ने किया। बैठक के बाद प्राचार्यों ने कुलपति के प्रस्तावों का समर्थन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों का संबंध कारपोरेट मॉडल की तरह होगा, जहां विश्वविद्यालय समस्याओं के समाधान में सहयोग करेगा।

### संयुक्त कार्यशालाओं का होगा आयोजन

- नैक और एनआईआरएफ रैंकिंग को ध्यान में रखते हुए एडेड और राजकीय महाविद्यालयों के साथ संयुक्त कार्यशालाओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। इन कार्यशालाओं में गुणवत्ता मानकों, मूल्यांकन प्रक्रिया और रैंकिंग से जुड़ी आवश्यकताओं पर महाविद्यालयों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### कोएजुकेशन को मिलेगा बढ़ावा

- बैठक में यह भी सामने आया कि महाविद्यालयों, विशेषकर कन्या महाविद्यालयों में छात्र संख्या लगातार घट रही है। इस पर विचार करते हुए कन्या महाविद्यालयों को सहशिक्षा में परिवर्तित करने का सुझाव दिया गया, ताकि छात्रों को अधिक अवसर मिल सकें। कुलपति ने शिक्षकों से अपेक्षा जताई कि वे स्वयं को अधिकारी नहीं बल्कि छात्रों का मार्गदर्शक और प्रेरक समझें। उन्होंने कक्षाओं के औचक निरीक्षण पर भी जोर दिया।

### महाविद्यालय दुखी तो विवि सुखी नहीं रहेगा

- कुलपति ने कहा कि महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्चतम स्वायत्तता के लिए तैयार किया जाएगा। शिक्षकों को कार्यशालाओं के माध्यम से जागरूक, नवाचारी और छात्र-हितैषी शिक्षण पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक छह माह में महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि महाविद्यालय दुखी रहेगा तो विश्वविद्यालय सुखी नहीं रह सकता।

### सैकड़ों माध्यमिक शिक्षकों का वेतन लटका

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्था के चलते सैकड़ों माध्यमिक शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन अटक गया है। शिक्षकों का आरोप है कि वेतन जैसे महत्वपूर्ण पटल पर केवल एक ही बाबू तैनात है और किसी वैकल्पिक कर्मचारी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। संबंधित बाबू के अवकाश पर चले जाने से पूरे जनपद का वेतन भुगतान पूरी तरह ठप हो गया है। वेतन न मिलने के कारण हजारों शिक्षक और कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि नियमित वेतन न मिलने से घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी जरूरतों पर गंभीर असर पड़ रहा है। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानांतरित होकर आए शिक्षकों को विद्यालय के वेतन बिल में शामिल कराने के लिए एक कर्मचारी द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। इस स्थिति से आक्रोशित शिक्षकों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि वेतन भुगतान शीघ्र बहाल हो सके।

## धमाकेदार प्रदर्शन कर केडी सिंह बाबू स्टेडियम चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंडित दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय की देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में किया गया।

फाइनल मुकाबले में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की टीम ने कड़े संघर्ष में चौक स्टेडियम को 13-11 से पराजित कर रोमांचक जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच मुकाबला अंत तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और जुझारूपन दिखाया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि उपक्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़ ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. सुमंत कुमार पाण्डेय, हैंडबॉल कोच मो. तौहीद, जिम्नास्टिक कोच रविकांत यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और अधिकारी मौजूद रहे।

## मेजबान टीम यूपी करम फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बॉल पर कब्जा करने के प्रयास में खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 36वें अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान उत्तर प्रदेश करम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश करम ने पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली को 3-1 से पराजित किया। टीम ने लीग, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल सहित लगातार चार मुकाबले जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेले गए सेमीफाइनल में पहले क्वार्टर के 12वें मिनट में अंशुल पाल ने गोल कर उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में मिले पेनाल्टी कार्नर को देवांश चौरसिया ने गोल में बदला, जबकि चौथे क्वार्टर में विवेक यादव ने फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। मोहाली ने 59वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन परिणाम नहीं बदल सका।

- 36वां अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट

दूसरे सेमीफाइनल में नवल टाटा ओडिशा ने राउंड ग्लास हॉकी अकादमी को 5-0 से हराया। फाइनल में अब उत्तर प्रदेश करम और नवल टाटा ओडिशा के बीच रोमांचक मुकाबला होगा।

## दो हजार शिक्षकों को देनी होगी पात्रता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर किसी भी तरह की छूट देने से केंद्र सरकार के इनकार के बाद जिले के करीब दो हजार शिक्षक संकट में आ गए हैं। सोमवार को सांसद लालजी वर्मा के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने संसद में स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत टीईटी से किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा सकती। इस जानकारी के सामने आते ही शिक्षकों में आक्रोश फैल गया।

शिक्षक 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से पूरी तरह छूट मिलने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन सरकार के रुख से राहत की कोई संभावना नहीं दिख रही है। केंद्र ने साफ किया है कि टीईटी शिक्षकों के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता बनी रहेगी। शिक्षक संगठनों का कहना है कि 2011 से पहले नियुक्तियां तत्कालीन नियमों के तहत हुई थीं, ऐसे में बाद में लागू टीईटी की बाध्यता न्यायसंगत नहीं है। वहीं सरकार का तर्क है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए टीईटी आवश्यक है।

केंद्र के इस फैसले के बाद शिक्षक संगठनों ने आंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सड़क से संसद तक पैदल मार्च की घोषणा की है। संघ अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने कहा कि मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद इस तरह का उत्तर देना अवमानना की श्रेणी में आता है।



प्रतियोगिता के दौरान एक्शन में खिलाड़ी। अमृत विचार

## खो-खो में छाये बीकेटी इंटर कॉलेज के खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सीनियर जिला स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप (महिला व पुरुष वर्ग) में बीकेटी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में कॉलेज की टीमों ने दमदार खेल दिखाकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा।

पुरुष वर्ग के फाइनल में बीकेटी इंटर कॉलेज ने कड़े मुकाबले में सेंट्रल पब्लिक स्कूल (रेड) को 11-10 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल में बीकेटी इंटर कॉलेज (ब्ल्यू) की टीम ने सेंट्रल पब्लिक स्कूल (रेड) को 10-09 के अंतर से हराकर खिताब जीता।

## यूपीसीए के दिशानिर्देशों पर होगी लखनऊ प्रीमियर लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। इसके तहत टीम चयन प्रक्रिया में अहम बदलाव किया गया है, जिससे अधिक से अधिक स्थानीय खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। हालांकि लीग के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और प्रतियोगिता सात मार्च से अपने तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू होगी।

मंगलवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी स्थित क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) के मुख्यालय में इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएएल अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने की। इसमें लीग कमिश्नर एसपी मिश्रा, सीएएल सचिव केएम खान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद डॉ. सहगल ने बताया कि यूपीसीए द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही अब एलपीएल का संचालन किया जाएगा। यूपी टी-20 लीग में लागू नियमों को एलपीएल में भी अपनाया गया है।

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी की टीम में 20 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 18 खिलाड़ी लखनऊ के स्थानीय होंगे या वे खिलाड़ी होंगे जिन्होंने लखनऊ में पंजीकरण कर चयन ट्रायल में हिस्सा लिया है। पहले से गठित टीमों में शामिल लखनऊ के बाहर के खिलाड़ियों को हटाया जाएगा। फ्रेंचाइजी केवल दो बाहरी खिलाड़ियों को ही बनाए रख सकेंगी। शेष स्थानों पर नीलामी सूची में शामिल स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे।

### विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज निराला नगर में वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 350 छात्र-छात्राओं ने अपनी रोचक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सरस्वती बन्दना श्री कृष्ण चरित व बिरसा मुण्डा की प्रस्तुतीकरण को विशेषरुप से सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र-छात्राओ सार्थक जयसवाल, अविनाश, मंजरी पाल, अकांक्षा सिंह, वैशाली शुक्ला व विनायक द्वारा बहुत सुन्दर ढंग से किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के व्यवस्थापक शैलेन्द्र शमी "अटल", आभार अध्यक्ष सुधांशु चतुर्वेदी ने व्यक्त किया। विद्यालय की आख्या विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश चन्द्र पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से हेमचन्द्र, अनिल कुमार त्रिपाठी विधायक, आनन्द शेखर सिंह, सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, बह्मदेव शर्मा मौजूद रहे।



पुलिस चौकी का अनावरण करतीं कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद।

### ट्रॉमा परिसर में नई पुलिस चौकी खुली

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार को ट्रॉमा परिसर में नवस्थापित पुलिस चौकी का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रॉमा परिसर में मरीजों, तीमारदारों और चिकित्सकीय स्टाफ की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में सुरक्षा और बेहतर समन्वय के लिए पुलिस चौकी की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस मौके पर डीन पैरामेडिक्स एवं मीडिया सेल प्रभारी डॉ. केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके ओझा, ट्रॉमा के सीएमएस डॉ. प्रेम राज सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिय अग्रवाल, डॉ. भास्कर अग्रवाल एवं डॉ. अरुणेश कुमार तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।



रोजगार मेला में पंजीकरण के लिए जाते अभ्यर्थी।

### गंभीरता से करें काम, कंपनियां अगले साल फिर आएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित वृहद रोजगार मेले में 1227 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिसमें से 425 अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट, एचसीएल, आईसीआईसीआई बैंक सहित कई प्रमुख निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में प्रोमोटर, असिस्टेंट मैनेजर, एटीएम ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, डेटा एनालिस्ट जैसे विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया।




स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकालते विद्यार्थी।

### छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा काकोरी ब्लॉक के ग्राम मौंदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वी.के. सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आशुतोष पांडे ने छात्रों से गांव की समस्याओं के समाधान में भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार राय ने ग्राम प्रधान का आभार जताया।

**आयोजन** — भाषा विवि में नवाबी विरासत को किया गया सलाम

## मदरसों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना सरकार की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




कार्यक्रम में मौजूद अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद व कुलपति प्रो. अजय तनेजा।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की सोच साफ़ है शिक्षा, हुनर और रोज़गार के बेहतर अवसर हर वर्ग तक पहुंचे। अल्पसंख्यक समाज के नौजवान अगर अरबी के साथ-साथ अंग्रेज़ी, कंप्यूटर और अन्य तकनीकी कौशल भी हासिल करें, तो वे किसी भी मैदान में पीछे नहीं रहेंगे। यह कहना है प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण और मुस्लिम वक्फ़ एवं हज़ मंत्री दानिश आजाद अंसारी का वह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि मदरसों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा शिक्षा को आधुनिक ज़रूरतों से जोड़ा जाए, ताकि एक मदरसे का छात्र भी यह ख्वाब देख सके कि वह अरबी जानकर आईएएस, प्रोफेसर, दुभाषिया या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाला प्रोफेशनल बन सकता है।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "अवध का अरबी एवं इस्लामिक अध्ययन में योगदान" का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि "यह सेमिनार अवध की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम बनेगा और युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा। मुख्य अतिथि भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अनीस अंसारी ने कहा कि अरबी सिर्फ़ एक भाषा नहीं, बल्कि इल्म, तहज़ीब और रूहानी विरासत की एक पूरी दुनिया है। प्रो. ओबेदुल्लाह फहद ने कहा कि "अवध की अरबी विद्वता का केंद्र लखनऊ रहा है, जहां मौलाना अब्दुल हई फरंगी महली, मौलाना अब्दुल बाकी लखनवी और अल्लामा, शुजाद्दीन लखनवी जैसे महान विद्वानों ने फिक्ह, हदीस और तफसीर पर अमूल्य ग्रंथ रचे।

**3 देशों के 200 से अधिक प्रतिभागी ले रहे हिस्सा**

संयोजक प्रो. मसूद आलम ने बताया कि में 3 से अधिक देशों से जिसमें 15 से अधिक संस्थानों से 200 से अधिक विद्वान, शोधार्थी और छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "अवध ने अरबी साहित्य में उर्दू-अरबी संमिश्रण को जन्म दिया, जो भारतीय इस्लामी चिंतन की विशेषता है।" उद्घाटन सत्र के दौरान प्रो. मसूद आलम, डॉ. अब्दुल हफ़ीज़, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. जफरुन नकी, डॉ. नसीब, डॉ. मुंतजित मुज्जमिल सहित सभी शिक्षक, विद्यार्थी और प्रतिभागी भारी संख्या में उपस्थित रहे।